# उत्तर प्रदेश एग्रीटेक इनोवेशन हब

## चर्चा में क्यों?

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री** ने उत्तर प्रदेश के **मेरठ** स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (SVPUAT) में **उत्तर प्रदेश** एग्रीटेक इनोवेशन हब और **एग्रीटेक स्टार्टअप एवं टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी** का उद्घाटन किया।

## मुख्य बिंदु

- **प्रौद्योगिकी और प्राकृतिक खेती का एकीकरण:**
  - रासायनिक-रहित प्राकृतिक खेती के महत्त्व को रेखांकित किया गया तथा खेत और बाज़ार के बीच की दूरी को पाटने के लिये **प्रौद्योगिकी** को माध्यम बनाने का आह्वान किया गया।
  - **इस पहल का उद्देश्य IoT- सक्षम सेंसर, स्मार्ट सिंचाई और स्वचालन प्रौद्योगिकियों** जैसी प्रौद्योगिकी के माध्यम से सतत् कृषि और **सुनियोजित खेती** को बढ़ाना है, जो विशेष रूप से उत्तर भारत में कृषि अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकती है।
- **कौशल विकास और ग्रामीण युवाओं के सशक्तीकरण पर ज़ोर:**
  - कार्यक्रम में इस बात पर भी ज़ोर दिया गया कि एग्रीटेक इनोवेशन हब एक सहयोगात्मक पारिस्थितिकी तंत्र है, जहाँ किसान, प्रौद्योगिकीविद् और स्टार्टअप मिलकर भविष्य के लिये समाधान तैयार कर सकते हैं।
  - इस केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और किसानों को **कृषि प्रौद्योगिकी क्रांति अपनाने के लिये सशक्त बनाना है।**
- **तकनीकी सहयोग:**
  - कृषि प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार में सहयोग के लिये IIT रोपड़ और SVPUAT के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।
  - यह केंद्र किसानों के लिये डेटा-आधारित निर्णय लेने की सुविधा के लिये उन्नत डेटा विश्लेषण प्लेटफार्मों और वास्तविक समय निगरानी प्रणालियों से सुसज्जित है।
- **प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण पहल:**
  - यह पहल किसानों और ग्रामीण युवाओं के लिये कार्यशालाओं और सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।
  - कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) और किसान उत्पादक संगठन (FPO) कृषक समुदाय को प्रशिक्षित करने, प्रभावी प्रौद्योगिकी अपनाने और ज्ञान हस्तांतरण सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## कृषि विज्ञान केंद्र (KVK)

- KVK राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली का एक अभिन्न अंग है।
- **KVK** का कार्य **प्रौद्योगिकी** का **मूल्यांकन** और उसके **अनुप्रयोग** तथा **क्षमता विकास** के लिये **प्रदर्शन** करना है।
- इसका उद्देश्य **प्रौद्योगिकी मूल्यांकन**, **शोधन** और **प्रदर्शन** के माध्यम से **कृषि** और **संबद्ध उद्यमों** में **स्थान-विशिष्ट प्रौद्योगिकी मॉड्यूल** का **मूल्यांकन** करना है।
- **KVK गुणवत्तापूर्ण तकनीकी उत्पाद** (बीज, **रोपण सामग्री**, बॉयो-**एजेंट**, **पशुधन**) भी तैयार करते हैं और उन्हें **किसानों** को उपलब्ध कराते हैं।
- **KVK योजना** भारत सरकार द्वारा **100% वित्तपोषित** है और **KVK कृषि विश्वविद्यालयों**, **ICAR संस्थानों**, संबंधित **सरकारी विभागों** और **कृषि** के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों (NGO) को **स्वीकृत किये जाते हैं**।

## किसान उत्पादक संगठन (FPO)

- FPO एक प्रकार का **उत्पादक संगठन (PO) है,** जिसके सदस्य **किसान** होते हैं और इसके प्रचार को **लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (SFAC)** द्वारा समर्थन दिया जाता है।
  - FPO अर्थशास्त्री वाई.के. अलघ की कंपनी अधिनियम, 1956 **में संशोधन** करने की **सिफारिश (2002)** से प्रेरित थे।
  - FPO को **कंपनी अधिनियम, 2013, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 या** भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के तहत सार्वजनिक ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।
- उत्पादक संगठन **उत्पादकों, कृषि, गैर-कृषि या कारीगरों का एक समूह है, जो** उत्पादक कंपनियों या **सहकारी समितियों जैसे कानूनी रूप** ले सकता

है तथा सदस्यों के बीच **लाभ साझा कर सकता है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-agritech-innovation-hub